महत्वपू

संख्या– 722/68–5–2019 –15(149)/10 टी0सी0–

प्रेषक,

रेणुका कुमार,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1– शिक्षा निदेशक (बेसिक), उ0प्र0, लखनऊ।

2– सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, प्रयागराज।

बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 लखनऊः दिनांकः 31 जुलाई, 20

विषयः उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित प्राथमिक/उच्च प्राथमि विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2019–20 हेतु जनपद के अन्दर समायोजन की अन्तिम ति में वृद्धि के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र सं0–572/68–5–2019–15(149)/10 टी0 सी0– दिनांक 17–06–2019 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उत्तर प्रदे बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शैक्षि सत्र 2019–20 हेतु जनपद के अन्दर समायोजन के सम्बन्ध में आदेश निर्गत किए गए थे शासन के आदेश सं0–681/68–5–2019–15(149)/10 टी0सी0–1, दिनांक 12–07–20 द्वारा समायोजन के संबंध में की गयी पृच्छाओं पर स्थिति स्पष्ट की गयी थी। वर्तमान स्कूल चलो अभियान के कारण जनपद स्तरीय अधिकारियों की व्यस्तता के कारण समायोज हेतु निर्धारित 15 जुलाई, 2019 की अन्तिम तिथि में वृद्धि हेतु कई जनपदों के जिलाधिकारि द्वारा अनुरोध किया गया है।

2. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सम्यक विचारोपरान्त शैक्षि सत्र 2019–20 हेतु जनपद के अन्दर समायोजन के लिए अन्तिम तिथि 15 जुलाई, 2019 संशोधित करते हुए 16 अगस्त, 2019 निर्धारित की जाती है, तत्क्रम में नियमानुसार समायोज के संबंध में अग्रतर कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीया,
21/7
(रेणुका कुमार)
अपर मुख्य सचिव

संख्या एवं दिनांक तदैवः–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
2– राज्य परियोजना निदेशक, सर्व शिक्षा अभियान/निदेशक, मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण,उ0प्र
3– निदेशक, एन0आई0सी0, योजना भवन, लखनऊ।
4– निदेशक,एस0सी0ई0आर0टी0/साक्षरता एवं वैकल्पिक शिक्षा/माध्यमिक शिक्षा,उ0प्र0।
5– वित्त नियंत्रक, बेसिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 प्रयागराज।
6– समस्त संयुक्त शिक्षा निदेशक/समस्त प्राचार्य, डायट, उत्तर प्रदेश ।
7– समस्त मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), उत्तर प्रदेश।
8– समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/वित्त एवं लेखाधिकारी, बेसिक शिक्षा, उ0प्र0।
9– गार्ड फाईल ।

आज्ञा से,
(उमेश कुमार तिवारी)
अनु सचिव।

Scanned with CamScanner